HI9

विषय : हिन्दी

परीक्षार्थी का अनुक्रमांक

8040

निर्धारित समय : 3 घण्टे

अधिकतम अंक : 150

प्रश्न–पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

1 इसमें कुल अठारह (18) प्रश्न हैं।

2 परीक्षार्थी को कुल पंद्रह (15) प्रश्नों के उत्तर देनें हैं।

3 प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

4 प्रश्नों की शब्द–सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

5 प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जायेगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जायेगी यदि उसे काटा न गया हो। उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को काट दीजिए।

6 कोई अतिरिक्त शीट उपलब्ध नहीं कराई जायेगी।

7 प्रश्नों के उत्तर केवल प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गये उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

1 कबीर के आलोच्य पदों के आधार पर उनके दर्शन को रेखांकित करें। 10

2 मेरे तो गिरिधर गोपाल दूसरा न कोई। 10

जाके सिर मोर मुकुट, मेरो पति सोई॥

तात मात भ्रात बंधु, अपना नहीं कोई।

छाँडि दई कुल की कान, क्या करेगा कोई॥

मीराबाई का परिचय लिखते हुए इन पंक्तियों का अर्थ समझाइए।

3 आजादी के आंदोलन में भारतीय समाचार पत्रों के सामाजिक पक्ष को उजागर करें। 10

4 प्रेमचंद की कहानी 'नमक का दारोगा' वर्तमान की सामाजिक, प्रशासनिक और न्यायिक व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करती प्रतीत हो रही है। इस संदर्भ में उदाहरण देते हुए अपने उत्तर की पुष्टि करें। 10

5 निर्मला पुतुल की कविता के सामाजिक–प्राकृतिक परिवेश को उदाहरण सहित स्पष्ट करें। 10

6 मनोहर श्याम जोशी के 'सिल्वर वेडिंग' में पुरानी और नई पीढ़ी के बीच विचार द्वंद्व स्पष्ट झलकता है। तर्कसंगत उत्तर दीजिए। 10

7 कविता में शब्दों के चयन की सामाजिक प्रासंगिकता का वर्णन करें। 10

8 संदर्भ – सहित भावार्थ लिखिए। 10

''सबसे खतरनाक वह चाँद होता है

जो हर हत्याकांड के बाद

बीरान हुए आँगनों में चढ़ता है

पर आपकी आँखों को मिर्चों की तरह नहीं गढ़ता है।''

9 'बादल राग' कविता प्रगतिवादी कविता है, कैसे? स्पष्ट कीजिए। 5+5=10

10 'शिरिष के फूल' निबंध के माध्यम से द्विवेदी जी ने क्या संदेश दिया है? स्पष्ट कीजिए। 4+6=10

11 (a) पर्यायवाची शब्दों की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए। 5

(b) पर्यायवाची और अनेकार्थी शब्दों के अन्तर को स्पष्ट करें। 5

12 आदिकालीन साहित्य की युगीन परिस्थितियों का विश्लेषण कीजिए। 10

13 रीतिकाल के प्रसिद्ध कवि बिहारी के भाव पक्ष को उद्घाटित करें। 10

14 शब्द शक्तियाँ अभिधा, लक्षणा और व्यंजना पर प्रकाश डालिए। 3+3+4=10

15 पत्रकारिता के विविध आयामों पर प्रकाश डालिए। 10

16 नगर पुलिस अधीक्षक को एक पत्र लिख कर सूचित कीजिए कि मोहल्ले में चोरी की घटनाओं में वृद्धि हो रही है पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। 10

17 डॉ. आंबेडकर की दृष्टि में आदर्श समाज की कल्पना क्या है? 10

18 लिंग, वचन एवं कारक को विस्तृत रूप से परिभाषित करें। 3+3+4=10